# WAVES 2025 और क्रिएटिव इकोनॉमी

[स्रोत: इकोनॉमिक टाइम्स]

[प्रधानमंत्री] ने भारत के **क्रिएटिव मीडिया और अर्थव्यवस्था** को बढ़ावा देने के लिये [WAVES (विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन)] की वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता की।

## WAVES:

- WAVES **सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा** [मीडिया एवं मनोरंजन (M&E) उद्योग] के लिये आयोजित एक **वैश्विक शिखर सम्मेलन** है।
- शिखर सम्मेलन का उद्देश्य **उद्योग जगत के नेताओं, हितधारकों और नवप्रवर्तकों को एक साथ लाकर चुनौतियों का समाधान करना, संभावनाओं का पता लगाना और वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देना है,** जिससे इस क्षेत्र के भविष्य पर प्रभाव पड़े।
- शिखर सम्मेलन में **"क्रिएट इन इंडिया चैलेंज"** का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य भारत की रचनात्मक और मीडिया अर्थव्यवस्था में नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देना है।

## क्रिएटिव इकोनॉमी (ऑरेंज इकोनॉमी):

- क्रिएटिव इकोनॉमी एक **ज्ञान-आधारित क्षेत्र** है जिसमें **क्रिएटिव गुड्स (रचनात्मक वस्तुएँ) और सेवाओं का सृजन, उत्पादन और वितरण** शामिल है।
  - इसमें **विज्ञापन, वास्तुकला, कला, फैशन, फिल्म, संगीत, फोटोग्राफी, प्रकाशन, अनुसंधान एवं विकास** तथा **सॉफ्टवेयर** जैसे उद्योग शामिल हैं।
- भारत की क्रिएटिव इंडस्ट्री **30 बिलियन अमेरिकी डॉलर** की है और देश की **लगभग 8% कामकाजी आबादी को रोज़गार** देती है। वर्ष 2023 में, भारत में **100 मिलियन से अधिक कंटेंट क्रिएटर** होंगे।

## भारत का मीडिया एवं मनोरंजन (M&E):

- **भारत का** मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग, जो **विश्व का पाँचवाँ सबसे बड़ा** उद्योग है (पहला स्थान अमेरिका का है), **वर्ष 2028 तक 44.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ने** का अनुमान है।

**और पढ़ें:** [क्रिएटर्स इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिये क्रिएट इन इंडिया चैलेंज]